

फूटाकी गांव का... पेज 2

आपकी खबरों का संसार...

# अतुल्य संसार

RNI No.-RJHIN/2015/63826

संस्करण: जयपुर

हिन्दी समाचार पत्र...

web: www.atulyasansar.com

Digital Edition

www.liveworldnews.in



अनुकरणीय मिसाल... पेज 3

वर्ष: 10 | अंक: 349 | जयपुर, सोमवार 29 जून, 2026 | मूल्य: 2 रुपए | पृष्ठ: 4


## असम में बाढ़, 300 मीटर लंबा लोहे का पुल बहा

**अरुणाचल प्रदेश में 3 लोगों की मौत; सिक्किम में नदियां उफान पर, पुल टूटा**




**भोपाल/जयपुर/लखनऊ/पटना।** देश के पूर्वी राज्यों असम, अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम में भारी बारिश हो रही है। तीनों राज्यों में बाढ़ जैसे हालात हैं। अरुणाचल प्रदेश में बारिश और लैंडस्लाइड की घटना में तीन की मौत हो गई। वहीं असम के ढेमाजी जिले में केमी नदी में आई भीषण बाढ़ के कारण 300 मीटर लंबा लोहे का पुल बह गया। पुल के बहने से केमी-पुराना जेलोम क्षेत्र का जोनाई सदर से सड़क संपर्क पूरी तरह टूट गया है। सिक्किम में जोंगू क्षेत्र में फी खोला नदी पर बना बेली ब्रिज बह गया। देश के 6 राज्यों उत्तर प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली के कई इलाकों में प्री-मानसून बारिश जारी है। हालांकि, सात राज्यों में तेज गर्मी पड़ रही है। उत्तर प्रदेश, राजस्थान और हरियाणा में पारा 43डिग्री से ज्यादा दर्ज किया गया। मानसून ने देश के 22 राज्यों को कवर कर लिया है। 5 जुलाई तक बाकी राज्यों को कवर कर सकता है। यूपी में मानसून 9 दिन लेट है। यह आमतौर पर 20 जून तक आ जाता है, लेकिन इस बार 16 दिनों से बिहार बॉर्डर पर रुका हुआ है। यह आज बिहार बॉर्डर से प्रदेश में एंट्री कर सकता है।

### 7 राज्यों में गर्मी का असर, पारा 40डिग्री पार

मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली, बिहार और गुजरात के कई शहरों में बुधवार को पारा 40डिग्री से ज्यादा रहा। देश में सबसे ज्यादा पारा राजस्थान के फलोदी में 43.8डिग्री दर्ज किया गया। वहीं यूपी के आगरा और प्रयागराज में 43.2डिग्री, हरियाणा के भिवानी में 43डिग्री, एमपी के उमरिया में 42डिग्री दिल्ली में 41.9डिग्रीऔर गुजरात के राजकोट में 40.9डिग्री रहा। यूपी के अलीगढ़ में गर्मी की वजह से 8वीं तक के स्कूलों की टाइमिंग बदल दी गई।

## जम्मू-कश्मीर के पुंछ में पाकिस्तानी नागरिक अरेस्ट

**एलओसी से घुसपैठ कर अंदर आ गया था, जून में ऐसी तीसरी घटना**



**पुंछ।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा पर भारतीय सेना ने रविवार को पाकिस्तान के एक घुसपैठिए को गिरफ्तार किया। अधिकारियों के अनुसार, इस महीने जिले में पकड़ा गया यह तीसरा पाकिस्तानी घुसपैठिया है। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान 31 साल के रईस खान के रूप में हुई है। जो पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) का निवासी है। अधिकारियों ने बताया कि वह बालाकोट सेक्टर से एलओसी पार कर भारतीय सीमा में दाखिल हुआ था, जिसके तुरंत बाद सेना ने उसे हिरासत में ले लिया। शुरुआती जांच में उसके पास से कोई आपत्तिजनक सामग्री बरामद नहीं हुई है। सुरक्षा एजेंसियां उससे पूछताछ कर रही हैं ताकि यह पता लगाया जा सके कि उसने सीमा क्यों पार की, भारत में उसका कोई संपर्क था या उसका कोई विशेष उद्देश्य था।

### सांबा में संदिग्ध पाकिस्तानी ड्रोन भी दिखा

इस बीच, जम्मू के सांबा जिले में अंतरराष्ट्रीय सीमा (आईबी) पर रविवार तड़के एक संदिग्ध पाकिस्तानी ड्रोन भारतीय सीमा में कुछ देर तक मंडराता दिखाई दिया। अधिकारियों के अनुसार, ड्रोन नुंदपुर गांव के पास देखा गया। इसके बाद सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), सेना और पुलिस ने संयुक्त तलाशी अभियान चलाया। आशंका थी कि ड्रोन के जरिए हथियार या ड्रग्स गिराए गए हों, लेकिन तलाशी के दौरान कोई संदिग्ध सामग्री बरामद नहीं हुई।

## टीएमसी बागी गुट की 47 पूर्व पार्षदों के साथ बैठक

**ममता गुट ने शिकायत दर्ज कराई, कहा- पार्टी के नाम-सिंबल का गलत इस्तेमाल हुआ**

**कोलकाता।** बैठक पूर्वी कोलकाता के टॉपसिया इलाके में हुई। इससे पहले 22 जून को न्यू टाउन में भी बागी गुट की बैठक हुई थी। दोनों बैठकों में टीएमसी का नाम और चुनाव चिह्न इस्तेमाल किया गया, लेकिन ममता बनर्जी की तस्वीर नहीं लगाई गई। इधर, ममता बनर्जी गुट की डोला सेन ने न्यू टाउन और प्रगति मैदान थाने में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में फर्जी दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक संदेश प्रसारित करने के साथ बिना अनुमति बैठक करने का भी आरोप लगाया गया है। बागी विधायक संदीपन साहा ने कहा कि उनकी ही असली तृणमूल कांग्रेस है। हमारे पास पर्याप्त संख्या है।

# भारत विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप से बाहर: ऑस्ट्रेलिया ने 6 विकेट से हराया, कप्तान हरमनप्रीत की फिफ्टी काम नहीं आई

**लंदन।** भारतीय विमेंस टीम टी-20 वर्ल्ड कप से बाहर हो गई है। लॉर्ड्स में खेले गए करो या मरो मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 6 विकेट से हरा दिया। भारत ने 171 रन का टारगेट दिया था, लेकिन एलिस पेरी और एश्ले गार्डनर की शतकीय साझेदारी ने मैच का रुख बदल दिया। कप्तान हरमनप्रीत कौर की 27 गेंदों में 56 रन की पारी टीम को जीत नहीं दिला सकी। इस हार के साथ भारत ग्रुप-ए में तीसरे स्थान पर रहा। ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका सेमीफाइनल में पहुंच गए।

### शेफाली-स्मृति ने तेज शुरुआत दी

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारत को शेफाली वर्मा और स्मृति मंधाना ने तेज शुरुआत दिलाई। दोनों ने पहले विकेट के लिए 66 रन जोड़े। शेफाली ने 26 गेंदों में 34 रन बनाए। स्मृति ने 37 गेंदों पर 38 रन की पारी खेली।

### हरमनप्रीत ने आखिरी ओवर में लगातार तीन छक्के जड़े

कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 27 गेंदों में 56 रन बनाए। इसमें 6 चौके और 3 छक्के शामिल रहे।




जेमिमा रोड्रिग्स (34 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 64 रन जोड़कर उन्होंने भारत को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। आखिरी ओवर में सोफी मोलिन्यू पर लगातार तीन छक्के लगाकर हरमनप्रीत ने भारत का स्कोर 170 रन तक पहुंचा दिया।

### भारतीय गेंदबाजों ने शुरुआती झटके दिए

171 रन का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही। रेणुका सिंह ने दूसरे ही गेंद पर जॉर्जिया वॉल को **LBW** कर भारत को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद श्री चरणी ने फीबी लिचफील्ड और दीप्ति शर्मा ने बेथ मूनी को आउट कर ऑस्ट्रेलिया को 68/3 पर पहुंचा दिया। उस समय भारत मुकाबले में मजबूत स्थिति में दिख रहा था।


### पेरी-गार्डनर की 100 रन की साझेदारी ने पलटा मैच

तीन विकेट गिरने के बाद एलिस पेरी और एश्ले गार्डनर ने भारतीय गेंदबाजों पर दबाव बना दिया। दोनों ने चौथे विकेट के लिए 57 गेंदों में 100 रन की मैच जिताऊ साझेदारी की। पेरी ने 38 गेंदों में 56 रन बनाए। गार्डनर 29 गेंदों में 53 रन बनाकर नाबाद रहीं। ऑस्ट्रेलिया ने 19 ओवर में 4 विकेट पर 172 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। रविवार को पहले मुकाबले में साउथ अफ्रीका ने बांग्लादेश को हराकर 8 अंक हासिल कर लिए थे। ऐसे में भारत को अंतिम-4 में जगह बनाने के लिए हर हाल में जीत चाहिए थी। हार के साथ भारत 5 मैचों में 6 अंकों के साथ ग्रुप-ए में तीसरे स्थान पर रहा। ऑस्ट्रेलिया ने 10 अंक और साउथ अफ्रीका ने 8 अंक के साथ सेमीफाइनल में जगह बनाई।

# राममंदिर चढ़ावा चोरी-8 आरोपियों के घर पुलिस की एकसाथ छापेमारी

**टिन्नू के घर अलमारी-बक्से खंगाले, अनुकल्प के यहां डायरी मिली**

**अयोध्या।** राम मंदिर चडावा चोरी मामले में जेल में बंद 8 आरोपियों के घरों पर रविवार सुबह 7 बजे पुलिस की 8 टीमों ने एक साथ छापेमारी की। इस दौरान 3 आरोपियों के घर पर ताला लगा था। पुलिस ने पडोसियों से सवाल-जवाब किए। चंपत राय के करीबी रामशंकर यादव उर्फ टिन्नू के घर पर ताला लगा मिला। आरोपी अनुकल्प मिश्रा के घर पर भी छापेमारी हुई। खरीदी गई संपत्तियों के दस्तावेज और बैंक अकाउंट डिटेल खंगाले गए। पुलिस को अनुकल्प के घर डायरी और कुछ अहम दस्तावेज मिले हैं। पुलिस का मानना है कि डायरी राम मंदिर चडावा चोरी प्रकरण से संबंधित है। छापेमारी में राजस्व अधिकारियों खासकर लेखपालों को शामिल किया गया। पुलिस ने दोपहर 3 बजे तक करीब 8 घंटे जांच की। इस दौरान राम मंदिर से जुडने के बाद आरोपियों के लाइफ स्टाइल में आए बदलाव को लेकर पडताल की गई।



### आरोपियों के घर पुलिस की छापेमारी में क्या हुआ

**रामशंकर यादव उर्फ टिन्नू:** राम मंदिर से 2 किमी दूर स्वर्गद्वार मोहल्ले में टिन्नू के दो मंजिला मकान पर ताला लगा मिला। कुछ देर बाद टिन्नू की मां मौके पर पहुंचीं और ताला खोला। पुलिस ने घर में रखे कागजातों, बक्सों और अलमारी की तलाशी ली। परिजन से पूछताछ की।

**मनीष यादव:** टिन्नू के घर के बगल में आरोपी भतीजे मनीष यादव के घर पर भी छापेमारी हुई। वहां भी ताला लगा मिला। दो मंजिला मकान में रह रहे किराएदारों से पुलिस ने मनीष के बारे में सवाल किए।

**लवकुश मिश्रा:** रुदौली स्थित घर स्थानीय पुलिस पहुंची तो लवकुश के दादा 72 साल के जगदंबा मिश्रा बाहर बैठे दिखे। उनसे पूछताछ हुई।

**सुभाष चंद्र श्रीवास्तव:** अंजनीपुरम स्थित घर में छापेमारी हुई। घर पर ताला मिला। पुलिस ने पडोसियों से बातचीत की। सुभाष की संपत्ति और लाइफस्टाइल के बारे में जानकारी जुटाई।

**अनुकल्प मिश्रा:** कौशलपुरी स्थित घर पर पुलिस पहुंची तो मां ने दरवाजा खोला। 3 पुलिसवाले घर के अंदर गए। संपत्तियों के दस्तावेज और बैंक अकाउंट डिटेल खंगाली। परिवारवालों से पूछताछ की। पडोसियों से भी सवाल-जवाब किए।

**अविनाश शुक्ला:** कौशलपुरी में घर पर पुलिस को कोई नहीं मिला। पास में किराना स्टोर चलाने वाले राहुल कुमार से पुलिस ने पूछताछ की। उन्होंने बताया- अविनाश किराए पर रहते हैं। योग सेंटर से जुडे हुए थे। घर कहीं गांव में है।

**रमाशंकर मिश्रा:** नया घाट में आरोपी के पिता ने छन्नू लाल मिश्र ने बताया- पुलिस आई थी। बक्सा और अलमारी देखी। जांच के बाद चले गए। घर में कुछ नहीं मिला। कुछ कागजों पर साइन करवाए। रमाशंकर करीब 6 साल से मंदिर के लिए काम कर रहा था।

**करुणेश पांडेय:** आरोपी के घर 3 पुलिस कर्मी गए थे। घरवालों से पूछताछ और पडोसियों से भी सवाल-जवाब किए। एसआईटी मामले की जांच कर रही है।

## सोनम वांगचुक ने जंतर-मंतर पर भूख हड़ताल शुरू की

**नीट पेपर लीक पर धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे की मांग; कॉकरोच पार्टी के आंदोलन का 9वां दिन**



**नई दिल्ली।** लद्दाख के सोशल एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक ने रविवार को जंतर-मंतर पर अनिश्चितकालीन भूख हडताल शुरू की। नीट पेपर लीक और सीबीएसई की गडबडियों के विरोध में जंतर-मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शन का आज 9वां दिन है। सीजेपी पिछले 20 जून से केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रही है। भूख हड़ताल शुरू होते ही जंतर-मंतर पर प्रदर्शनकारी और स्टूडेंट जुटने लगे। प्रदर्शन में कई किसान नेता भी शामिल हुए। भूख हड़ताल शुरू करने से पहले सोनम वांगचुक और पार्टी के फाउंडर अभिजीत दीपके ने राजघाट जाकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी। इससे पहले पार्टी के फाउंडर अभिजीत दीपके ने कहा था कि शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे तक हमारा आन्दोलन जारी रहेगा।

### सोनम वांगचुक 170 दिन जोधपुर जेल में रहे

लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा दिलाने के लिए आंदोलन कर रहे सोनम वांगचुक 170 दिन से वे जोधपुर जेल में थे। सोनम के अनशन के दौरान 24 सितंबर 2025 को लेह हिंसा हुई थी। इन प्रदर्शनों में 4 लोगों की मौत हुई थी। 90 लोग घायल हुए थे। सरकार का आरोप है कि वांगचुक ने इस हिंसा को भड़काया। दो दिन बाद 26 सितंबर को राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत वांगचुक को हिरासत में लिया था। इसके बाद उन्हें फौरन जोधपुर शिफ्ट कर दिया था। कॉकरोच जनता पार्टी की शुरुआत चीफ जस्टिस सूर्यकांत की एक टिप्पणी के बाद हुई। 15 मई को एक मामले की सुनवाई के दौरान उन्होंने कहा था कि कुछ बेरोजगार युवा कॉकरोच की तरह होते हैं, जो बाद में मीडिया, सोशल मीडिया या आरटीआई एक्टिविस्ट बनकर सिस्टम पर हमला करते हैं। इस टिप्पणी के अगले दिन, 16 मई को अमेरिका में रह रहे अभिजीत दीपके ने सीजेपी की शुरुआत की और सोशल मीडिया पर पार्टी के अकाउंट बनाए। 22 मई को उन्होंने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर एक ऑनलाइन याचिका शुरू की, जिसे 8 लाख से अधिक लोगों का समर्थन मिलने का दावा किया गया।

# मोदी को सेशेल्स का सर्वोच्च सम्मान, संसद को संबोधित किया

**बोले- सेशेल्स से हमारा 256 साल पुराना रिश्ता, 5 भारतीयों से हुई इसकी शुरुआत**

**विक्टोरिया।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को रविवार को सेशेल्स के सर्वोच्च नागरिक सम्मान गार्जियन ऑफ ब्लू होराइजन से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही मोदी को अब तक 34 देशों का सर्वोच्च नागरिक सम्मान मिल चुका है। सम्मान मिलने पर पीएम मोदी ने सेशेल्स की जनता, सरकार और राष्ट्रपति पैट्रिक हर्मिनी का आभार जताया। पीएम मोदी ने सेशेल्स की नेशनल असेंबली को भी संबोधित किया। ऐसा करने वाले वे पहले भारतीय प्रधानमंत्री बने। उन्होंने कहा कि सेशेल्स से भारत का रिश्ता सिर्फ 50 साल पुराना नहीं है, बल्कि इसकी शुरुआत अगस्त 1770 में हुई थी। जब थेलेमाक जहाज से यहां 5 भारतीय पहुंचे थे। मोदी ने कहा कि जब लोग दुनिया का नक्शा देखते हैं, तो उन्हें सेशेल्स हिंद महासागर में बसे कुछ छोटे-छोटे द्वीपों का एक समूह दिखाई देता है। लेकिन हमारे लिए सेशेल्स सिर्फ द्वीपों का समूह नहीं, बल्कि इससे कहीं बढ़कर है।

### पर्यावरण के क्षेत्र में मोदी को अब तक 3 बड़े सम्मान



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सेशेल्स का सर्वोच्च नागरिक सम्मान पर्यावरण की रक्षा, जलवायु परिवर्तन से मुकाबला करने और लंबे समय तक पर्यावरण को सुरक्षित रखने की दिशा में किए गए काम के लिए मिला है। पर्यावरण के क्षेत्र में मोदी को अब तक 3 बड़े अवार्ड मिल चुके हैं। इससे पहले मई 2026 में संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी खाद्य एवं कृषि संगठन ने उन्हें एग्रीकोला मेडल से सम्मानित किया था। संयुक्त राष्ट्र ने साल 2018 में प्रधानमंत्री मोदी को अपना सर्वोच्च पर्यावरण सम्मान चैंपियंस ऑफ द अर्थ अवॉर्ड प्रदान किया था।

### गोल्डन जुबली नेशनल डे में मुख्य अतिथि

पीएम मोदी 29 जून को सेशल्स की आजादी के 50 साल पूरे होने पर मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होंगे। इस मौके पर भारतीय सशस्त्र बलों की एक टुकड़ी और भारतीय नौसेना का युद्धपोत **INS** तरकश और हाइड्रोग्राफिक सर्वे शिप **INS** इक्षक भी परेड और समारोह का हिस्सा बनेंगे।

### 175 मिलियन डॉलर का आर्थिक पैकेज

भारत ने सेशल्स के विकास और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए 175 मिलियन अमेरिकी डॉलर (1651 करोड़) के आर्थिक पैकेज की घोषणा की है।

# फुटाकी गांव का नाम गुरुनानक नगर करने के संबंध में गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने व्यक्त की मंशाः क्षेत्र के विकास कार्यों को गति देने की कही बात

**राजकीय विद्यालय को सीनियर सेकेंडरी में क्रमोन्नत करने, अटल ज्ञान केंद्र और ग्राम सेवक भवन निर्माण के संबंध में सकारात्मक प्रयास करने का दिया भरोसा, असामाजिक गतिविधियों पर जीरो टॉलरेंसः क्षेत्र की शांति भंग करने वालों के खिलाफ कानून के तहत की जाएगी सख्त कार्रवाई**

● अतुल्य संसार नेटवर्क



**दीपचंद शर्मा डीग।** गृह, गोपालन, पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य विभाग राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने बृजनगर विधानसभा के फुटाकी गांव का दौरा किया। इस दौरान स्थानीय ग्रामीणों एवं प्रबुद्धजनों द्वारा उनका आत्मीय स्वागत किया गया। जनसभा को संबोधित करते हुए गृह राज्य मंत्री ने क्षेत्र के नागरिकों द्वारा चुनाव के दौरान मिले अभूतपूर्व स्नेह और आशीर्वाद के प्रति सहृदय आभार व्यक्त किया ।उन्होंने कहा कि ग्रामीणों द्वारा दिए गए मान-सम्मान को ध्यान में रखते हुए वे क्षेत्र में विकास कार्यों को निरंतर गति देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने ग्रामीणों की मांग और भावनाओं का सम्मान करते हुए फुटाकी गांव का नाम गुरुनानक नगर करने के संबंध में सकारात्मक मंशा व्यक्त की और इस दिशा में आवश्यक विधिक व प्रशासनिक प्रक्रिया आगे बढ़ाने की बात कही। इसके साथ ही उन्होंने क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए स्थानीय राजकीय विद्यालय को सीनियर सेकेंडरी स्कूल में क्रमोन्नत करने, गांव में अटल ज्ञान केंद्र खोलने तथा ग्राम सेवक भवन का निर्माण कराने के संबंध में विभागीय स्तर पर हरसंभव प्रयास करने का भरोसा दिलाया। गृहराज्य मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि गांव में सीसी सड़क निर्माण कार्य को पूर्ण गुणवत्ता के साथ समयबद्ध तरीके से पूरा होना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने स्कूल और पूर्व स्वीकृत डीप-बोर के विद्युत कनेक्शन संबंधी तकनीकी अड़चनों को दूर कर उन्हें तुरंत चालू करने तथा ग्रामीणों की पेयजल समस्या के समाधान हेतु नए हैंडपंप लगवाने की बात कही। क्षेत्र की कानून व्यवस्था पर कड़ा रुख अख्तियार करते हुए गृह राज्य मंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियां, लूटपाट या असामाजिक कृत्य कतई बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि राजस्थान पुलिस द्वारा अपराधियों के खिलाफ की जा रही सख्त कार्रवाई से कुछ तत्वों को परेशानी हो सकती है, लेकिन सरकार कानून व्यवस्था से कोई समझौता नहीं करेगी। क्षेत्र की शांति व्यवस्था को भंग करने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। मैदानी स्तर की समस्याओं के पारदर्शी समाधान के लिए राज्य मंत्री ने ग्रामीणों को 10-11 सदस्यों की एक स्थानीय समन्वय टीम बनाने का सुझाव दिया, जो गांव की मूलभूत आवश्यकताओं के संबंध में निरंतर संवाद बनाए रखेगी। उन्होंने कहा कि वे स्वयं समय-समय पर क्षेत्र का दौरा कर इन कार्यों की प्रगति की समीक्षा करेंगे।

## पूर्व कैबिनेट मंत्री ममता भूपेश का जन्मदिन मनाया




● अतुल्य संसार नेटवर्क

**दीपचंद शर्मा डीग।** पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष अनुसूचित जाति विभाग कांग्रेस राजस्थान श्रीमती ममता भूपेश जी का 53 वॉ जन्मदिन जिला कांग्रेस कमेटी डीग अनुसूचित जाति विभाग द्वारा समाज सेवा दिवस के रूप में बड़ी धूमधाम से मनाया एवं जिलाध्यक्ष श्रीराम जाटव चुल्हैरा की अध्यक्षता में डीग जिला चिकित्सालय में मरीजों को फल एवं विस्कूट वितरण कर मनाया गया ।जिसमें फल वितरण के बाद एक विचार संगोष्ठी का आयोजन कर पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमती ममता भूपेश जी की लम्बी उम्र की प्रार्थना की गई तथा इनके नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने एवं अधिक से अधिक संख्या में कांग्रेस पार्टी से अनुसूचित जाति वर्ग को जोड़ने पर जोर दिया गया । अनुसूचित जाति विभाग कांग्रेस पार्टी का मजबूत आधार है। इस अवसर पर एससी विभाग कांग्रेस के जिला सचिव पूरनसिंह, जिला महासचिव भीम सिंह, ब्लांक अध्यक्ष सोहन लाल भारती, विक्रम सिंह, नवनियुक्त जिला कांग्रेस कमेटी के राजकुमार कठेरा, पूरनसिंह बडेसरा, दीपेंद्र सिंह उर्फ दीपू बहज,खोह ब्लांक अध्यक्ष श्री भवानी शंकर शर्मा,, युवा नेता हिमांशु, अनेक कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे एवं कार्यक्रम का संचालन जिला सचिव दीपेंद्र सिंह जी ने किया।

## पुलिस ने अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई की



● अतुल्य संसार नेटवर्क

**दीपचंद शर्मा डीग।** पुलिस अधीक्षक डीग श्री शरण गोपीनाथ के. द्वारा जिले में अवैध खनन के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान ऑपरेशन पृथ्वी के तहत पुलिस थाना जुरहरा व डीएसटी टीम द्वारा कार्यवाही करते हुये 06 ट्रैक्टरों को मय ट्रोली जप्त कर 6 मुलजिमान को गिरफ्तार किया गया है । ट्रोलियों में ओवर लोड केशर व गिटटी भरी हुई थी। बिना वैध रवन्ना के ट्रैक्टर-ट्रोली में ओवरलोड गिट्टी परिवहन कर ले जाना अपराध धारा 303(2) बी.एन.एस. व 41/42 एम.एम.डी.आर. एक्ट की तारीफ में आना पाया जाने पर 06 मुल्जिमान को गिरफ्तार कर कब्जे से 6 ट्रेक्टर मय 6 ट्रोली को जब्त किया जाकर थाना जुरहरा पर प्रकरण दर्ज किया गया।

## 108 श्री हनुमान चालीसा सामूहिक पाठ के लिए ध्वज स्थापना सम्पन्न किया




● अतुल्य संसार नेटवर्क

**दीपचंद शर्मा जयपुर।** श्री भन्दे बालाजी महाराज की असीम कृपा से श्री हनुमान चालीसा प्रबंध समिति के तत्वावधान में भांकरोटा स्थित हेरिटेज रिसॉर्ट में आगामी 11 जुलाई को आयोजित होने वाले एक ही आसन पर 108 श्री हनुमान चालीसा सामूहिक पाठ महाआयोजन की तैयारियों के अंतर्गत ध्वज पूजन एवं ध्वज स्थापना का शुभ कार्य संपन्न किया गया। इस अवसर पर धार्मिक वातावरण में श्रद्धा एवं भक्ति के साथ विधिवत पूजन-अर्चन किया गया। पंडित ज्ञान प्रकाश शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के अनुसार ध्वज पूजन सम्पन्न करवाया तथा शुभ मुहूर्त में ध्वज स्थापना करवाई। ध्वज स्थापना के साथ ही महाआयोजन की तैयारियों का शुभारंभ किया गया। उपस्थित श्रद्धालुओं ने भगवान श्री हनुमानजी एवं श्री भन्दे बालाजी महाराज का स्मरण करते हुए आयोजन की सफलता की कामना की। संस्थापक संत अमरनाथ महाराज ने बताया कि 11 जुलाई को आयोजित होने वाले इस विशेष धार्मिक आयोजन में सभी साधक एक ही आसन पर बैठकर 108 श्री हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ करेंगे। उन्होंने बताया कि पाठ करने वाले सभी साधक गणना के लिए 108 नारियल लेकर बैठेंगे। इस आयोजन में भाग लेने के इच्छुक सभी श्रद्धालुओं के लिए पूर्व रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य रखा गया है, ताकि आयोजन को सुव्यवस्थित एवं सफल बनाया जा सके। उन्होंने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में इस पुण्य एवं आध्यात्मिक आयोजन में भाग लेकर श्री हनुमानजी का आशीर्वाद प्राप्त करने का आग्रह किया। इस दौरान समिति के सदस्य श्याम सुंदर मोसूण, रामस्वरूप यादव, महेश बम्ब, राजेश विजयवर्गीय, पंकज शर्मा, मुकेश कुमावत, योगेन्द्र नीखरा, शैलेन्द्र यादव, बिरदी चंद जांगिड़ सहित अन्य उपस्थित रहे ।

# आज से खुलेगा हाईकोर्ट, समय भी बदलेगा

**जोधपुर-जयपुर पीठ में नियमित रूप से होगी सुनवाई, अभी जरूरी मामले सुने जा रहे थे**

**जयपुर।** गर्मियों की छुट्टियों (समर वैकेशन) के बाद राजस्थान हाईकोर्ट कल से खुलेगा। मुख्यपीठ जोधपुर और जयपुर पीठ में सोमवार से नियमित रूप से मामलों की सुनवाई होगी। हाईकोर्ट में 1 से 28 जून तक समर वैकेशन था। इसके चलते केवल जरूरी मामलों (अर्जेंट कैसेज) की ही सुनवाई हो रही थी। इसके साथ ही सोमवार से हाईकोर्ट में सुनवाई का समय भी बदलेगा। गर्मियों के कारण अभी तक हाईकोर्ट मॉर्निंग शिफ्ट में संचालित हो रहा था।

# राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान का हुआ शुभारंभ

**1 लाख 94 हजार 704 बच्चों ने गटकी पोलियो की खुराक**



**जयपुर द्वितीय।** रविवार को जिले में राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान की शुरुआत हुई अभिभावकों में बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने के प्रति खासा उत्साह देखा गया। उपमुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (स्वास्थ्य) डॉ. सुरेन्द्र गोयल ने बताया कि रविवार, 28 जून को अभियान के अंतर्गत जिले में 2647 बूथों एवं अन्य स्थलों पर नवजात से 5 वर्ष तक के 1,94,704 बच्चों को ओरल पोलियो वैक्सीन पिलाई गई। अब आगामी दिवसों में खुराक से वचिंत बच्चों को घर-घर जाकर दवा पिलाई जाएगी। अभियान में जिले के नवजात से लेकर 5 वर्ष तक के 04 लाख 26 हजार से अधिक नौनिहालों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। आरसीएचओ डॉ. जितेन्द्र गुप्ता ने बताया कि आगामी दो दिनों में ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में कार्मिक घर-घर जाकर वंचित बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाएंगे।

पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान के सफलतापूर्वक आयोजन हेतु क्षेत्र में 14546 वैक्सीनेटर और 816 सुपरवाइजर नियुक्त किए गए हैं। इसके साथ ही 153 ट्रांजिक्ट टीमें और 635 मोबाईल टीमें कार्य कर रही हैं। इस प्रकार अभियान में कुल 15362 मैनपावर कार्यरत है।

## प्रवीणा बहिन के अध्यक्षता में प्रथम मुख्य प्रशासिका मातेश्वरी जगदम्बा सरस्वती जी की पुण्य स्मृति श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई

● अतुल्य संसार नेटवर्क



**दीपचंद शर्मा डीग।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, सेवा केंद्र डीग द्वारा संस्था की प्रथम मुख्य प्रशासिका मातेश्वरी जगदम्बा सरस्वती जी की 61वीं पुण्य स्मृति आध्यात्मिक ज्ञान दिवस के रूप में श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई । कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्रह्माकुमारी प्रवीणा बहन ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भ्राता चंद्रभान चंद्र, अध्यक्ष, श्री लोहागढ़ साहित्य समाज सेवा समिति, डीग तथा विशिष्ट अतिथि डॉ. राजेश जैमन, सीनियर मेडिकल ऑफिसर, डीग रहे। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी जागृति बहन एवं ब्रह्माकुमारी रजनी बहन सहित अनेक भाई-बहन एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में ब्रह्माकुमारी प्रवीणा बहन ने कहा कि मातेश्वरी जगदम्बा सरस्वती जी ने आध्यात्मिक मूल्यों के माध्यम से नारी को सम्मान एवं समान स्थान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने सभी को मातृवत स्नेह, संस्कार और आध्यात्मिक मार्गदर्शन प्रदान किया।

मुख्य अतिथि भ्राता चंद्रभान चंद्र ने मातेश्वरी जी की महिमा का भावपूर्ण काव्य पाठ प्रस्तुत किया। वहीं विशिष्ट अतिथि डॉ. राजेश जैमन ने कहा कि माँ का स्थान संसार में सर्वोच्च है, माँ से बढ़कर कोई नहीं होता। कार्यक्रम का शुभारंभ ईश्वरीय स्मृति गीत ओ प्यारी माँ, ओ जगदम्बे, तेरे प्यार को जब हम याद करें... से हुआ। सभी अतिथियों एवं उपस्थित श्रद्धालुओं ने मातेश्वरी जगदम्बा सरस्वती जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। प्रातः 6 बजे से ही सभी ब्रह्मावत्स ईश्वरीय याद एवं तपस्या में लीन रहे। कार्यक्रम के उपरांत सभी को ईश्वरीय प्रसाद एवं शीतल जल वितरित किया गया। इस अवसर पर भ्राता अरविन्द, दिगम्बर, सुरेश, नंदन, गीता, केला सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं ब्रह्माकुमारी परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

# साइबर क्राइम जागरूकता सत्र एवं पोस्टर लॉन्च कार्यक्रम का सफल आयोजन



**जयपुर।** ड्रीम अचीवर्स द्वारा एक्सिस बैंक के सहयोग से 28 जून 2026 को डेज़ होटल, टोंक रोड, जयपुर में साइबर क्राइम अवेयरनेस सेशन एवं आगामी कार्यक्रमों के पोस्टर लॉन्च का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जयपुर शहर की लगभग 100 महिला उद्यमियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को बढ़ते साइबर अपराधों, ऑनलाइन फ्रॉड, फिशिंग, डिजिटल बैंकिंग सुरक्षा एवं सुरक्षित वित्तीय लेन-देन के प्रति जागरूक करना था। एक्सिस बैंक के विशेषज्ञों ने साइबर सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी दी तथा उपस्थित महिलाओं के प्रश्नों का समाधान भी किया। इस अवसर पर ड्रीम अचीवर्स के आगामी कार्यक्रमों के पोस्टर का भी भव्य लॉन्च किया गया। कार्यक्रम के दौरान नेटवर्किंग, ज्ञानवर्धक चर्चाओं एवं आपसी सहयोग को बढ़ावा देने वाले संवादों ने सभी प्रतिभागियों को प्रेरित किया। ड्रीम अचीवर्स की संस्थापक प्रीति गोयल, संस्थापक अध्यक्ष मीनाक्षी जैन एवं अध्यक्ष शिल्पी सक्सेना ने सभी अतिथियों, सहयोगियों एवं महिला उद्यमियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि महिलाओं को डिजिटल रूप से सुरक्षित और सशक्त बनाना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। ड्रीम अचीवर्स की सहयोगी शाखा ,जे डब्लू एस ए ग्रुप के प्रेसिडेंट के रूप में दीपिका गुंबर के नाम की घोषणा की गई । साथ ही आगामी एग्जिबिशंस और तीज एक्सप्रेस का पोस्टर विमोचन जयपुर शहर की जानी मानी हस्तियों की उपस्थिति में किया गया ।

संस्था द्वारा 4 - 5 जुलाई को केसरी बाग में अपार एक्जीबिशन का आयोजन महिला उद्यमियों को सहयोग करने के उद्देश्य से किया जा रहा है।

कार्यक्रम के दौरान जितेंद्र भारद्वाज और डॉ शालिनी माथुर की गायकी ने समा बांध दिया ओर सबको झूमने पर मजबूर कर दिया।

कार्यक्रम का समापन हाई-टी एवं आपसी परिचय सत्र के साथ हुआ। सभी प्रतिभागियों ने इस पहल की सराहना करते हुए ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों को भविष्य में भी निरंतर आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

सुरक्षित डिजिटल भविष्य की ओर एक सार्थक कदम - इसी संदेश के साथ कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## जयपुर में फुहारों से प्रदूषण कम कर रही वैन

**जयपुर।** जयपुर में एयर पॉल्यूशन को कम करने के लिए मोबाइल वैन चलाई जा रही है। यह वैन शहर के अलग-अलग हिस्सों में घूमकर प्रदूषण कंट्रोल करती है। यह वैन आखिर काम कैसे करती हैड इसे कहां बनाया गया इन सभी सवालों पर भास्कर रिपोर्टर ने नगर निगम के अधिकारियों से बात की। नगर निगम के XEN गोपाल मुण्ड ने बताया- यह अत्याधुनिक वैन IIT खड़गपुर में विकसित टेक्नोलॉजी पर आधारित है। वैन को शहर के उन इलाकों में भेजा जाएगा।

## झोटवाड़ा के वार्ड 29 विहार कॉलोनी में 3 महीने से खुदी सड़क से लोग परेशान, जल्द सड़क निर्माण की मांग पर आम आदमी पार्टी ने प्रदर्शन किया



● अतुल्य संसार नेटवर्क

**जयपुर ।** झोटवाड़ा के वार्ड 29 स्थित बने विहार कॉलोनी में 3 महीने से खुदी सड़क की परेशानी पर आम आदमी पार्टी ने प्रदर्शन किया। आप पार्टी के विनीत शर्मा व उस्मान खान ने बताया कि क्षेत्र में 3 महीने पहले 40 फुट सीसी रोड बनाने के लिए सड़क खोद कर छो ड दिया ।इससे वहां रहने वाले निवासियों को काफी परेशानी हो रही है, वाहन चालक कई बार गिर के दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं व थोड़ी बरसात में वहां पानी भर जाता है। आप के मोहसिन कुरेशी व फिरोज कुरैशी ने बताया कि उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी के स्टाफ को सूचित किया गया जिस पर उन्होंने जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया। बने विहार विकास समिति के अध्यक्ष सद्दीक मोहम्मद व सचिव रफीक मोहमद ने बताया कि इस समस्या के लिए प्रशासन को अनेकों बार सूचित किया परंतु लंबे समय से कोई कार्रवाई नहीं हो रही। प्रदर्शन के दौरान विनीत शर्मा, उस्मान खान, मोहसिन कुरेशी, फिरोज कुरेशी, रफीक मोहम्मद, सद्दीक मोहम्मद, शकील खान, फिरोज खान, आबिद खान, हुकम सिंह राठौड़, इरफान पठान, मो इरफान, अतहर खान, हैदर अली आदि मौजूद थे।

## पल्स पोलियो अभियान के तहत पांच वर्ष तक के बच्चों को पिलाई गई खुराक



● अतुल्य संसार नेटवर्क

**बकानी( झालावाड़ )।** राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत रविवार को बकानी क्षेत्र के पोलियो बूथों एवं आंगनवाड़ी केंद्रों पर जन्म से पांच वर्ष तक की आयु के बच्चों को पोलियो रोधी खुराक पिलाई गई। अभियान के दौरान बड़ी संख्या में अभिभावक अपने बच्चों को बूथों पर लेकर पहुंचे। स्वास्थ्य एवं आंगनवाड़ी कार्मिकों ने बच्चों को दो बूंद जिंदगी की पिलाकर पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से बचाव का संदेश दिया। इस अवसर पर अभिभावकों को नियमित टीकाकरण, बाल स्वास्थ्य संरक्षण तथा संक्रामक रोगों से बचाव के प्रति भी जागरूक किया गया। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार पोलियो से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय निर्धारित समय पर प्रत्येक बच्चे को पोलियो की खुराक दिलाना है। इसी उद्देश्य से समय-समय पर पल्स पोलियो अभियान संचालित किए जाते हैं ताकि कोई भी बच्चा इस सुरक्षा कवच से वंचित न रहे। अभियान के दौरान स्वास्थ्य एवं आंगनवाड़ी कार्मिकों ने क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे जन्म से पांच वर्ष तक की आयु के सभी बच्चों को प्रत्येक पल्स पोलियो अभियान में अनिवार्य रूप से पोलियो की खुराक दिलाकर पोलियो मुक्त भारत के लक्ष्य को साकार करने में सहयोग करें।

## राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों ने गटकी दो बूंद जिंदगी की

**33 बूथो पर 2681 बच्चों को पिलाई पोलियो की खुराक**



**सुमेर सिंह राव /उदयपुरवाटी।** कस्बे में पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत शहरी क्षेत्र में 33 बूथो पर 2681 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई। राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर अनिमेष गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि 29 जून व 30 जून को टीमों द्वारा घर-घर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। बूथों का निरीक्षण सेक्टर अधिकारी डॉक्टर परमानंद शर्मा, सुपरवाइजर मुरारीलाल छिपी, सुभाष चंद्र सैनी, हरि सिंह द्वारा किया गया द्य बच्चों को दवा पिलाकर पोलियो अभियान का शुभारंभ किया गया द्य इस दौरान सेक्टर अधिकारी डॉक्टर परमानंद शर्मा, सुपरवाइजर मुरारीलाल छीपी,सुभाष सैनी, हरि सिंह सैनी आदि मौजूद रहे।

## दो बूंद जिंदगी की पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत

### कोई भी बच्चा पल्स पोलियो की दवा से वंचित न रहे ........ अशोक कुमार दायमा



**उदयपुरवाटी।** कस्बे में रविवार को पल्स पोलियो के प्रथम दिन 5 साल से कम उम्र के बच्चों ने गटकी दो बंदी जिंदगी की राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय भूरी कुड़ी में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पोलियो रोधी खुराक रतनलाल सैनी द्वारा पिलाई गई। इस अवसर पर वरिष्ठ अध्यापक अशोक कुमार दायमा ने बताया कि राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान भारत सरकार द्वारा बच्चों को पोलियो से बचाने हेतु चलाए जा रहा एक सुरक्षित एवं पूर्णतया नि- शुल्क सरकारी अभियान है। राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो रोधी खुराक पिलाई जाती है ।इसके तहत पोलियो बूथ दिवस 28 जून सुबह 8:00 बजे से 5:00 बजे तक और घर–घर जाकर अभियान 29 जून से 1 जुलाई 2026 तक है जिसमें टीकाकरण दल उन बच्चों को खुराक पिलाने घर–घर जाएंगे जो बूथ पर जाने से छूट गए थे अशोक कुमार दायमा ने अभिभावकों से अपने 0 से 5 वर्ष के सभी बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने और अपने बच्चों को सुरक्षित बचपन प्रदान करने की अपील की।इस अवसर पर रेखा ,सुमन, महावीर ,कैलाश विजय सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# अनुकरणीय मिसाल: 40 साल पहले नयाबास के भामाशाह स्व कालुराम जेफ ने सुरपुरा के एस सी समाज को सुपुर्द की थी बेशकिमती जमीन

## खण्डहर में तब्दील तीबारे का जीर्णोद्धार करवा 3 कमरों हॉल के साथ जनउपयोगी धर्मशाला भवन देने वाले भामाशाह बहादुर सिंह मीणा ने पिता के सपनों को किया साकार, उद्घाटन समारोह में उमड़े लोग

**सुमेर सिंह राव/उदयपुरवाटी।** समीपवर्ती राजस्व ग्राम सूरपुरा में शनिवार को एस सी समाज की मिनी धर्मशाला भवन का उद्घाटन सैनिक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष प्रेम सिंह बाजोर के भतीजे प्रमोद सिंह बाजोर,नयाबास सरपंच कमलेश देवी,बने सिंह, सांवतराम सूरपुरा,कम्मानेंड जीएल मीणा,थानेदार मातादीन मीणा,रोहिताश मीणा सहित कई वरिष्ठ लोगों के द्वारा विधिवत रूप से किया गया। गौरतलब है कि नयाबास गांव के कालूराम मीणा पुत्र स्व सुरजाराम ने सूरपुरा के दलित समाज के लोगों को जन उपयोगी भवन बनाने के लिए लगभग 40 साल पहले 200 गज का भूखंड डोनेट किया था। इस स्थल पर लंबे समय से तिबारा बना हुआ था लेकिन काफी समय से यह भवन खंडर पड़ा था। गांव के लोगों ने भामाशाह के पुत्रों को इसके लिए कहा तो बड़ा दिल दिखाते हुए स्व कालूराम जेफ के पुत्र एवं थानेदार मातादीन मीणा के भाई बहादुर सिंह



ने इस खण्डहर भवन की मरम्मत करवाने के साथ ही तीन नये कमरों एवं एक वाशरूम का भव्य डेवलपमेंट कराया है। आदिवासी नेता सुरेश मीणा किशोरपुरा ने कहा कि नयाबास के इस संजीदा सोच के व्यक्तित्व को हम सैल्यूट करते हैं जिन्होंने 40 साल पहले एससी समाज के लोगों को एसटी समाज के द्वारा यह तोहफा देकर एक भाईचारे की मिसाल कायम की।

उन्होंने पिता के सपने को साकार करते हुए अब इस भवन का नवीनीकरण करने वाले पुत्रों की भी सराहना की। उक्त भूमि भूखंड एवं निर्माण का मूल्य लाखों में है। इस पुनीत परमार्थ के कार्य की इलाके में काफी चर्चा है। इस अवसर पर रामचंद्र मीणा करोठ,शिक्षाविद् रामप्रसाद, बाबूलाल मीणा, रामवतार चक्की वाले,जयराम सूरपुरा, हरिराम छापोला, राजूराम सहित बड़ी संख्या में महिला और पुरुष मौजूद थे।

# होटल फेडरेशन ऑफ राजस्थान के प्रतिनिधिमंडल ने की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी से शिष्टाचार भेंट, बारां पर्यटन विकास पर हुई सकारात्मक चर्चा

● अतुल्य संसार नेटवर्क

**विष्णु भारद्वाज/बारा।** होटल फेडरेशन ऑफ राजस्थान की प्रांतीय एवं बारां जिला इकाई के प्रतिनिधिमंडल ने राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर जिला इकाई के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने उपमुख्यमंत्री को बारां जिले की ऐतिहासिक एवं विश्वविख्यात शेरगढ़ नगरी के भ्रमण हेतु आमंत्रण दिया। भेंट के दौरान उपमुख्यमंत्री से बारां जिला मुख्यालय पर पर्यटन कार्यालय की स्थापना, जिले में पर्यटन सुविधाओं के विस्तार तथा पर्यटन विकास से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर सकारात्मक एवं सार्थक चर्चा हुई। प्रतिनिधिमंडल ने अवगत कराया कि इन नवीन पहलों से बारां जिले के पर्यटन को नई पहचान और गति मिलेगी, साथ ही क्षेत्र के आर्थिक एवं सांस्कृतिक विरासत और विकास को भी सशक्त आधार प्राप्त होगा। इससे पूर्व होटल फेडरेशन ऑफ राजस्थान की बीकानेर संभाग, बारां, जयपुर एवं कोटा संभाग के पदाधिकारियों की बैठक जयपुर में आयोजित की गई। बैठक में फेडरेशन के संरक्षक सुरेंद्र सिंह शाहपुरा का सानिध्य प्राप्त हुआ। बैठक में आगामी आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों एवं



संगठनात्मक गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर फेडरेशन के प्रांतीय अध्यक्ष हुसैन खान, महासचिव रणविजय सिंह, बीकानेर संभाग अध्यक्ष खुशाल पारीक, बारां अध्यक्ष हरिओम अग्रवाल सहित अन्य पदाधिकारियों व सदस्यों ने अपने विचार रखे तथा पर्यटन एवं आतिथ्य उद्योग को सुदृढ़ करने हेतु सुझाव प्रस्तुत किए। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी से भेंट करने वाले शिष्टमंडल में होटल फेडरेशन ऑफ़ राजस्थान के अध्यक्ष हुसैन खान, महासचिव रणविजय सिंह,हाड़ौती पैनोरमा विकास समिति बारां के अध्यक्ष एवं भारत तिब्बत सहयोग मंच के प्रांतीय प्रचार प्रमुख राजेंद्र शर्मा, होटल फेडरेशन ऑफ़ राजस्थान बारां ईकाई अध्यक्ष हरिओम अग्रवाल, उपाध्यक्ष महेंद्र शर्मा कस्तूरी,होटल फेडरेशन ऑफ़ राजस्थान के बीकानेर संभाग अध्यक्ष खुशाल पारीक , इंटेक बारां चैप्टर के कन्वीनर जितेंद्र शर्मा पम्मी एवं होटल फेडरेशन ऑफ़ राजस्थान बारां के राज्य स्तरीय प्रतिनिधि कुमार शामी शर्मा,कुमार हामी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। होटल फेडरेशन ऑफ़ राजस्थान बारां के शिष्ट मण्डल द्वारा उप मुख्यमंत्री दियाकुमारी को बारां प्रवास पर आमंत्रण के साथ ही जन जन के आराध्य देव भगवान श्रीकल्याणराय जी मंदिर में स्थित विग्रह का छायाचित्र भेंट किया

## उदयपुर में बारिश, अंधड़ के कारण पेड़ गिरे

### गाड़ियां दबीं: बांसवाड़ा-पाली में 3 इंच तक बरसात हुई; 26 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट




**जयपुर।** उदयपुर में रविवार दोपहर मौसम अचानक बदल गया और तेज बारिश हुई। आंधी के कारण कुछ जगह पेड़ भी गिर गए, जिनके नीचे गाडियां दब गईं। राजस्थान के 26 जिलों में आज (रविवार) आंधी और बारिश का अलर्ट है। मौसम का यह असर 1 जुलाई तक जारी रहेगा। इससे पहले, शनिवार को उदयपुर, प्रतापगढ़, डूंगरपुर, बांसवाड़ा, चित्तौड़गढ़, राजसमंद, पाली, सिरोही, झालावाड़, बारां में हल्की से मध्यम बारिश हुई। सबसे ज्यादा बरसात बांसवाड़ा में दर्ज हुई। वहीं सबसे ज्यादा गर्मी बीकानेर और जैसलमेर में रही। बांसवाड़ा, प्रतापगढ़, पाली समेत अन्य जिलों में 1 से 3 इंच तक बरसात दर्ज हुई। उदयपुर जिले की बाकल नदी बहने लगी है। पिछले 24 घंटे का मौसम देखें तो भरतपुर, जयपुर, अजमेर, बीकानेर, जोधपुर संभाग के एरिया में शनिवार को दिनभर मौसम ड्राय रहा।

## 1.72 करोड़ रुपए के साइबर फ्रॉड का आरोपी गिरफ्तार

### प्रोडक्ट खरीदे बिना ही रिवॉर्ड एप में सेंध लगाई

**दौसा।** एशियन पेंट्स के मास्टरस्ट्रोक रिवॉर्ड ऐप में तकनीकी सेंध लगाकर करीब 1 करोड़ 72 लाख 86 हजार 297 रुपए की साइबर ठगी करने के मामले में दौसा साइबर थाना पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई के साथ ही मामले में अब तक कुल पांच आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। इससे पहले गिरफ्तार चारों आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा चुका है, जबकि पुलिस अन्य आरोपियों की भूमिका की भी जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार, एशियन पेंट्स लिमिटेड के एजीएम ने 11 अगस्त 2025 को साइबर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

# सीएम ने सिविल-सेवा-वन सेवा-2025 के चयनित अभ्यर्थियों से किया संवाद

## कहा- युवाओं की राष्ट्र निर्माण में भूमिका से विकसित भारत का संकल्प होगा साकार

**जयपुर।** जयुपर में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा– कडी मेहनत और अनुशासन से ही सिविल सेवा परीक्षा में चयन के सपने को पूरा किया जा सकता है। सिविल सेवा परीक्षा के जरिए युवाओं को लोक सेवक बनने का अवसर प्राप्त होता है। इसलिए वे विकसित भारत, विकसित राजस्थान के संकल्प को साकार करने के प्रयासों को गति प्रदान करें। साथ ही कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक पहुंचाएं। इस दौरान युवा अभ्यर्थियों ने अपने अनुभव भी साझा किए। मुख्यमंत्री निवास पर सिविल सेवा परीक्षा और भारतीय वन सेवा परीक्षा–2025 में चयनित राजस्थान के अभ्यर्थियों के साथ रविवार को सीएम भजनलाल ने संवाद किया। सीएम ने कहा– युवा इससे राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने यूपीएससी परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों से कहा कि वे अपने सेवाकाल में कर्मभूमि के साथ–साथ अपनी मातृभूमि की सेवा और उसके प्रति कर्तव्यों को भी निभाएं।



### सरकार रोडमैप बनाकर कर रही काम

मुख्यमंत्री भजनलाल ने कहा– पिछले ढाई साल में हमारी सरकार ने प्रदेश में विकास का रोडमैप बनाकर कई काम किए हैं। हम मूलभूत आवश्यकताओं की सुनिश्चितता के लिए विशेष रूप से पानी और बिजली क्षेत्र में विभिन्न परियोजनाओं को धरातल पर उतारने का काम तेजी से कर रहे हैं। साथ ही उद्योगों को बडावा देकर रोजगार के अवसर भी उपलब्ध करवा रहे हैं। मुख्यमंत्री से अनुज अग्निहोत्री, पक्षाल सेक्रेटरी, प्रवीण रत्नू, अदिति अरोडा, अनीता सहित अन्य सफल अभ्यर्थियों ने बातचीत की। इस अवसर पर ऊर्जा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हीरालाल नागर, मुख्यमंत्री कार्यालय एवं कार्मिक विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों सहित बडी संख्या में अभ्यर्थी और उनके परिजन उपस्थित रहे।

### अभ्यर्थियों के साथ मन की बात कार्यक्रम सुना

सीएम भजनलाल शर्मा ने इस मौके पर अभ्यर्थियों के साथ पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 135वें संस्करण को सुना। इस दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री के संबोधन से आमजन को देश में हो रहे सामाजिक सरोकारों से जुडे नवाचारों की जानकारी और उसे अपनाने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने राष्ट्र निर्माण में जनभागीदारी की ताकत को भारत की बडी पूंजी बताया है।

# घरेलू सोलर पैनल किया अनिवार्य, सिस्टम 40 हजार तक महंगे

**जयपुर।** देश में सबसे ज्यादा सौर ऊर्जा उत्पादन करने वाला राजस्थान राज्य है, लेकिन फिलहाल यहां की सोलर इंडस्ट्री बड़ी चुनौती का सामना कर रही है। केंद्र सरकार ने डोमेस्टिक कंटेंट रिक्वायरमेंट (डीसीआर) वाले सोलर पैनल की अनिवार्यता कर दी है। इससे घरेलू सोलर सेल की सीमित उपलब्धता के कारण प्रदेश में रूफटॉप सोलर प्रोजेक्ट प्रभावित हो रहे हैं। इसका असर प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के लाभार्थियों से लेकर उद्योगों और सोलर कारोबार से जुड़े हजारों लोगों पर पड़ रहा है। इसका असर घरेलू और औद्योगिक दोनों तरह के सोलर प्रोजेक्ट की लागत पर पड़ रहा है। वहीं डीसीआर पैनलों की कीमत नॉन–डीसीआर पैनल से दोगुनी है। इससे 3 किलोवाट के घरेलू सोलर सिस्टम लगाने की लागत 35 से 40 हजार रुपए तक बढ़ गई है। जयपुर सहित कई शहरों में घरों पर स्ट्रक्चर तैयार होने के बावजूद पैनल नहीं लग पा रहे हैं। दूसरी ओर हजारों प्रोजेक्ट अधर में लटक गए हैं। वेंडर और ग्राहकों के बीच विवाद बढ़ रहे हैं। उद्योग से जुड़े लोगों ने कहा– यदि जल्द समाधान



नहीं निकला तो बड़ी संख्या में कारोबार और रोजगार प्रभावित होंगे।

### केंद्र सरकार ने घरेलू सोलर सेल निर्माण किया जरूरी

डीसीआर (डोमेस्टिक कंटेंट रिक्वायरमेंट) का मतलब ऐसे सोलर पैनल से है, जिनमें इस्तेमाल होने वाले सोलर सेल भारत में बने हों। वहीं नॉन–डीसीआर पैनलों में दूसरे देश से मंगाए गए सोलर सेल लगाए जाते हैं। केंद्र सरकार का उद्देश्य देश में सोलर सेल निर्माण को बढ़ावा देना है। इसी दिशा में 1 जून से नॉन–डीसीआर पैनलों के कमीशनिंग यानी ग्रिड कनेक्शन पर रोक लगा दी गई थी। विरोध के बाद घरेलू पीएम सूर्य घर योजना से जुड़े प्रोजेक्टों के लिए कुछ राहत दी गई, लेकिन कॉमर्शियल और इंडस्ट्रियल रूफटॉप सोलर प्रोजेक्ट में नॉन–डीसीआर पैनलों की कमीशनिंग पर रोक अभी भी जारी है।

### पीएम सूर्य घर योजना पर सबसे ज्यादा असर

राजस्थान सोलर एसोसिएशन के सीईओ नितिन अग्रवाल ने बताया– राजस्थान में प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत 2200 से अधिक वेंडर रजिस्टर्ड हैं। इनमें अकेले जयपुर डिस्कॉम क्षेत्र में करीब 800 वेंडर काम कर रहे हैं। सप्लाई कम होने और डीसीआर पैनलों की कीमत बढ़ने से 3 किलोवाट का घरेलू सोलर सिस्टम करीब 35 से 40 हजार रुपए तक महंगा हो गया है। प्रति किलोवाट लगभग 12 हजार रुपए तक लागत बढ़ चुकी है। जिन लोगों ने पहले आवेदन कर दिया था। उनके घरों पर कई जगह स्ट्रक्चर तैयार हैं, लेकिन पैनलों की उपलब्धता नहीं होने से इंस्टॉलेशन नहीं हो पा रहा।

### वेंडर और उपभोक्ताओं के बीच बढ़ रहे विवाद

सोलर कंपनियों और वेंडर्स ने कहा– पहले की कीमत पर एडवांस लेकर हमने ऑर्डर बुक किए थे, लेकिन अब पैनल उपलब्ध नहीं हैं। दूसरी तरफ ग्राहकों के बैंक लोन शुरू हो चुके हैं और बिजली बिल भी लगातार आ रहे हैं। ऐसे में ग्राहक समय पर काम पूरा नहीं होने पर नाराज हैं।

# कतर गैस प्लांट धमाके में मारे गए युवक का शव पहुंचा भीमपोर, परिवार ने नम आंखों से दी विदाई

## कतर गैस प्लांट धमाके में सूरत के युवक की मौत | 26 वर्षीय सनी पटेल का पार्थिव शरीर भीमपोर पहुंचा | हजारों लोगों ने नम आंखों से दी अंतिम विदाई





**सूरत।** कतर के एक गैस प्लांट में हुए भयानक धमाके में सूरत के एक युवक की मौत हो गई। युवक का शव अहमदाबाद से उसके होमटाउन लाया गया। युवक की मौत पर परिवार के लोग फूट-फूट कर रोए और पूरा गांव गमगीन हो गया। हजारों लोग सनी के अंतिम संस्कार में शामिल हुए, जो बहुत दुख के बीच निकाला गया और फिर स्थानीय श्मशान घाट पर शास्त्रों के अनुसार उसका अंतिम संस्कार किया गया और भारी मन से उसे विदाई दी गई।

### कतर गैस प्लांट में धमाके में सूरत के युवक की मौत

सूरत के डुम्मास इलाके के भीमपोर का रहने वाला 26 साल का सनी पटेल करीब 7 महीने पहले नौकरी के लिए कतर गया था। कतर के सबसे बड़े गैस प्लांट, रास लफ्फान के स्र्ल प्रोडक्शन और एक्सपोर्ट हब में पिछले रविवार (21 जून) शाम को हुए एक भयानक धमाके में सनी की मौत हो गई।

### खबर मिलने के बाद परिवार में मातम छा गया

सनी पटेल ने परिवार की आर्थिक हालत सुधारने और परिवार वालों के अच्छे भविष्य की उम्मीद में विदेश जाने का फैसला किया। ठीक सात महीने पहले, वह कतर में नौकरी के लिए अपना होमटाउन छोड़कर आया था। आज जब उसका पार्थिव शरीर उसी घर में लाया गया, जहां वह दिन-रात मेहनत करके घर को आर्थिक रूप से खुशहाल बना रहा था, तो वहां मौजूद हर किसी की आंखें भर आईं। सनी की मौत पर उसकी माँ और पत्नी समेत उसके परिवार वालों की दिल दहला देने वाली चीखें गूंज रही थीं।

### युवक का शव उसके होमटाउन भीमपोर लाया गया

इस हादसे के बाद, परिवार ने सनी का पार्थिव शरीर भारत लाने के लिए सरकार से मदद मांगी थी। कतर में इंडियन एम्बेसी से तुरंत संपर्क करके सभी जरूरी कानूनी प्रक्रियाएं पूरी की गईं। इंडियन एम्बेसी के सक्रिय सहयोग और एडमिनिस्ट्रेटिव लेवल पर मिली तुरंत मदद की वजह से,सनी का पार्थिव शरीर कतर से हवाई जहाज से अहमदाबाद एयरपोर्ट और वहां से एम्बुलेंस से सड़क के रास्ते सूरत के भीमपोर में उसके घर लाया गया।

### परिवार ने भारी मन से अंतिम विदाई दी

जब सनी का पार्थिव शरीर घर पहुंचा, तो दिल दहला देने वाले नज़ारे देखने को मिले। मां और पत्नी अपने लाडले को खोने के सदमे में फूट-फूट कर रो रही थीं, पूरा गांव सदमे में था। सनी अपने मिलनसार और दयालु स्वभाव के लिए जाने जाते थे। भीमपोर में रिश्तेदारों समेत बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उन्हें अंतिम विदाई देने के लिए जमा हुए थे। हजारों लोग सनी की अंतिम यात्रा में शामिल हुए, जो बहुत दुख के बीच निकली और फिर लोकल श्मशान घाट पर धार्मिक रीति-रिवाज से उनका अंतिम संस्कार किया गया और उन्हें भारी मन से विदाई दी गई।

# प्राइवेट-स्कूलों में अपने बच्चों को पढ़ाने वाले सरकारी टीचरों में निकम्मापन: शिक्षामंत्री

**टोंक।** शिक्षा मंत्री मदन दिलवार ने कहा- जो सरकारी टीचर अपने बच्चों को निजी स्कूल में पढ़ा रहे हैं वे निकम्मापन कर रहे हैं। यानी उन्हें अपने बच्चों को पढ़ाना नहीं आता है। वे फ्री का वेतन ले रहे हैं। यदि उन्हें इस श्रेणी में नहीं आना है तो वे अपने बच्चों को सरकारी स्कूलों में डाल दें। दिलावर ने कहा- यदि किसी का मिलने वाला ऐसा आदमी हो तो उसे बता देना कि ठीक तरह से काम करें, वो मदन दिलावर बहुत खराब आदमी है। वो जाति से खटीक है, हमारे यहां दया का भाव नहीं है। हम अच्छे लोगों के प्रति दया रखते हैं। हम दुष्टों को दंड देते हैं और अच्छे लोगों को सम्मान देते है। दिलावर ने रविवार को टोंक में खटीक समाज के प्रतिभा सम्मान समारोह में ये बातें कही। उन्होंने कहा-अभी ग्रेड थर्ड के टीचरों के ट्रांसफर नहीं हो रहे हैं।

### शिक्षा में सुधार के लिए मैंने गालियां

दिलावर ने कहा- शिक्षा में सुधार के लिए मैंने गालियां तो खाई हैं, लेकिन सुधार किया है। शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए कई सख्त फैसले लिए हैं, जिससे शिक्षक मुझसे नाराज हैं। शिक्षा की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। अब केवल शत-प्रतिशत परिणाम दिखाने से काम नहीं चलेगा, बल्कि 80 अंकों की परीक्षा में विद्यार्थियों को कम से कम 40 अंक लाने होंगे। यदि परिणाम खराब रहा तो संबंधित शिक्षक से जवाब-तलब किया जाएगा और जरूरत पड़ने पर निलंबन या तबादले जैसी कार्रवाई भी की जाएगी।

### पहली बार सरकारी स्कूल के बच्चों ने टॉप किया

राजस्थान का शिक्षा का स्तर पहले देश में 14वें नंबर पर था। अब चौथा नंबर है। पहली बार सरकारी स्कूल के बच्चों ने टॉप किया है। प्राइवेट स्कूलों के बच्चे पीछे रह गए। अब निजी स्कूलों के मुकाबले सरकारी स्कूलों में भी बढ़िया पढ़ाई होती है, मैं गारंटी देता हूं। बच्चे पेरेंट्स और टीचर को देखकर संस्कार सीखते हैं, इसलिए पेरेंट्स की भी जिम्मेदारी है कि वे संस्कारित रहें।



### गुटखा खाने और शराब पीने वाले शिक्षकों की सूची बना रहे

टीचर किधर देख रहा है, क्या कर रहा है, इन सबका भी बच्चों पर प्रभाव पड़ता है। इसी कारण हम गुटखा खाने वाले और शराब पीने वाले शिक्षकों की सूची बना रहे हैं, ये सूचियां बन रही हैं, इसके बाद बताएंगे कि हम क्या करेंगे। हमनें सभी अफसरों से कहा है कि राजस्थान साफ सुथरा दिखना चाहिए। इसमें जो लापरवाही करेगा, उसे एक बार तो चेतावनी देंगे और दूसरी बार छोड़ेंगे नहीं। चाहे किसी भी समाज का हो, किसी को छोड़ेंगे नहीं, कार्रवाई करेंगे।

### सफाई का पैसा दूसरी जगह खर्च करने पर करेंगे वसूली

दिलावर ने कहा- ऐसी कोई पंचायत नहीं, जिसमें पैसा न हो, क्योंकि फाइनेंस कमीशन का पैसा आता है, उसका 40 प्रतिशत पैसा स्वच्छता पर खर्च करना ही होता है। पता नहीं किन कार्यों में पैसा खर्च करके मेरे पास आकर कहते हैं कि पैसा नहीं है। जो अन्य कार्यों में सफाई का पैसा खर्च करेगा, उनसे व्यक्तिगत पैसों की वसूली करेंगे। लोग कहते है कि भ्रष्टाचार होता है। कमीशनखोरी हो रही है, लेकिन कमीशनखोरी करके काम में कमी कर दी, गुणवत्ता में कमी कर दी तो पूरा का पूरा पैसा अधिकारी से वसूला जाएगा। दस लाख का काम है तो दस लाख अधिकारी से वसूले जाएंगे। 16 सीसी का नोटिस देने और सस्पेंड करने से काम नहीं चलेगा, हमने पौने तीन करोड़ रुपए की वसूली निकाली है। 12 प्रतिशत ब्याज की वसूली के साथ पूरा पैसा वसूलेंगे।

### कुंए- बावड़ियां बंद कर दी, उन्हें साफ करें

कार्यक्रम में मौजूद जलदाय मंत्री कन्हैया लाल चौधरी की तरफ देखते हुए दिलावर ने कहा कि लोग पानी के लिए मंत्री कन्हैया लाल जी को गाली देते हैं, लेकिन हमारी जिम्मेदारी नहीं समझते हैं, कुंए- बावड़ियां बंद कर दी, उन्हें साफ करें, जलस्रोत बढ़ाएं। कार्यक्रम में जलदाय मंत्री के अलावा पूर्व सांसद सुखबीर सिंह जौनापुरिया समेत अन्य जनप्रतिनिधियों की भी मौजूदगी रही।

# मोदी बोले- भारत समुद्र से आकाश तक सुरक्षित

## देश में 40 से ज्यादा सी-295 विमान बनाए जा रहे, योग में भारत ने 114 पदक जीते

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात के 135वें एपिसोड में कहा, भारत समुद्र से लेकर आसमान तक सुरक्षित है। इसी महीने डीआरडीओ ने स्वदेशी लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज मिसाइल का सफल परीक्षण किया। पीएम मोदी ने कहा- जून के महीने में ही देश ने विमानन क्षेत्र में बड़ी सफलता हासिल की है। मेड इन इंडिया अभियान के तहत तैयार किए गए ष्ट-295 विमान ने अपनी पहली सफल उड़ान पूरी कर ली है। वर्तमान में ऐसे 40 विमान भारत में ही बनाए जा रहे हैं। पीएम ने कहा कि इस बार दुनिया के 2500 से अधिक स्थानों पर योग के कई कार्यक्रम हुए। भारत ने अहमदाबाद में आयोजित विश्व योगासन चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 114 मेडल जीते हैं। इनमें 102 गोल्ड मेडल भी शामिल हैं। भारत पदक तालिका में पहले स्थान पर रहा है।



### मन की बात में नॉर्थईस्ट के 3 राज्यों का जिक्र

शादी के लिए सोना रीसाइकल कर रहे लोग पीएम मोदी ने कहा कि मैंने बीते दिनों लोगों से कुछ समय तक सोना ना खरीदने, विदेश यात्रा टालने या कार पूलिंग की अपील की थी मैं देश के हर नागरिक का आभारी हूं कि मेरी अपील का उन्होंने न सिर्फ समर्थन किया बल्कि उसमें सहयोग कर रहे हैं। कई परिवारों ने तय किया है कि घर के विवाह में सोना नहीं खरीदेंगे. जरूरत हुई तो वे पुराने सोने को ही रिसाइकल करेंगे. कई लोगों ने कार पूलिंग के अनुभव भी साझा किए हैं. मुझे इस बात की खुशी है कि हम भारतीय इस संकट से मिलकर मुकाबला कर रहे हैं।

### असम: हरगिला आर्मी ने पुरानी सोच बदली

पीएम मोदी ने कहा कि असम में एक पक्षी पाया जाता है। उसका नाम हरगिला है। हरगिला एक दुर्लभ पक्षी है। ये प्रकृति को स्वच्छ रखने में अहम भूमिका निभाता है। लेकिन असम के कुछ इलाकों में लंबे समय तक इसे अशुभ माना जाता था। लोग इसे अपने आसपास देखना पसंद नहीं करते थे। कई बार उन पेड़ों को भी काट दिया जाता था जिन पर हरगिला के घोसले बने होते थे। इसी दौरान जीव-वैज्ञानिक पूर्णिमा देवी बर्मन ने ये सब देखा। उन्होंने लोगों के मन में बैठी गलत धारणा को बदलने का संकल्प लिया। उन्होंने महिलाओं से बात की, लोगों को विज्ञान के आधार पर समझाया। धीरे-धीरे महिलाएं इस अभियान से जुड़ने लगीं। फिर एक बड़ा बदलाव शुरू हुआ। जिस पक्षी को कभी अशुभ मानकर भगाया जाता था, वही गांवों की पहचान बनने लगा। हजारों ग्रामीण महिलाएं हरगिला को बचाने के लिए आगे आईं। आज उन्हें हरगिला आर्मी के नाम से जाना जाता है। इन महिलाओं ने समाज को समझाने के लिए दिन-रात काम किया और अंधविश्वास को पीछे छोड़ करके रहे। उन्होंने दिखाया है कि जब सही जानकारी पहुंचाई जाती है, तो वर्षों पुरानी सोच भी बदल सकती है।

### मेघालय: रूट ब्रिज की कहानी

पीएम मोदी ने मेघालय के रूट ब्रिज का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि ये ब्रिज कुछ दिनों या कुछ सालों में नहीं बनते। इन्हें तैयार होने में कई दशक लगते हैं। रबर के पेड़ों की जड़ों को धीरे-धीरे दिशा दी जाती है। इन जड़ों को जल-धाराओं के पार ले जाया जाता है। समय के साथ वही जड़ें एक मजबूत ब्रिज का रूप ले लेती हैं। ये जीवित ब्रिज हैं। समय बीतने के साथ और मजबूत हो जाते हैं। ये ब्रिज बताते हैं कि मनुष्य प्रकृति के साथ मिलकर कितनी अद्भुत चीजें बना सकता है। ये हमारे देश की, इस धरती की, धरोहर है। अब भारत ने मेघालय के रूट ब्रिजों को UNESCO वर्ल्ड हेरिटेज साइट नेटवर्क में शामिल कराने के लिए आवेदन किया है।

### नगालैंड: बेबी फुटबॉल और फुटसल लीग

पीएम मोदी ने कहा कि नगालैंड में दो ऐसी लीग होती हैं जो सबको इंस्पायर कर सकती हैं। इनमें से एक का नाम है नगालैंड बेबी लीग। यह 5 से 12 वर्ष के छोटे-छोटे बच्चों की असाधारण लीग होती है। इनमें लड़के और लड़कियां दोनों खेलती हैं। यह उनकी रफ्तार और प्रतिभा को प्रेरित करती है। यह लीग 3 वर्ष पूरे कर चुकी है। नगालैंड विमेन फुटसल लीग-फुटसल को आम भाषा में इंडोर फुटबॉल कहा जाता है। इसमें 5 खिलाड़ी होते हैं। यह सामान्य से छोटा मैदान होता है। तेजी से फैसले लेने होते हैं। इस तरह खेल से पर्सनॉलिटी भी डेवलप होती है।

### महाराष्ट्र, बिहार, दिल्ली और मध्य प्रदेश की चर्चा

**महाराष्ट्र:** शादी में दुर्घटना बीमा का जिक्रपीएम ने कहा कि महाराष्ट्र के नांदेड़ के बहादुरपुरा गांव के पेठकर परिवार ने घर में विवाह के मौके पर अपने गांव के लगभग साढ़े तीन हजार लोगों के लिए दुर्घटना बीमा की व्यवस्था की। हर व्यक्ति को एक लाख रुपए का बीमा कवर दिया गया। **बिहार:** नालंदा ने शास्त्रार्थ की परंपरा जीवित कीपीएम मोदी ने कहा कि नालंदा विश्वविद्यालय ने शास्त्रार्थ की हमारी प्राचीन परंपरा को फिर से जीवंत किया है। शास्त्रार्थ केवल अपनी बात रखने का माध्यम नहीं है। ये वाद-संवाद और मंथन की एक अनुशासित प्रक्रिया है।उन्होंने कहा कि इसमें तर्क के साथ, तथ्य के साथ, अपनी बात कहना बहुत जरूरी होता है और उसमें आपकी महारत होनी चाहिए। दूसरों के विचारों को धैर्य से सुनने और समझने की सीख भी इस शास्त्रार्थ की प्रक्रिया से मिलती है। मुझे खुशी है कि नालंदा विश्वविद्यालय ने इसे अपने दीक्षांत समारोह का हिस्सा बनाया। **दिल्ली:** सेंट्रल संस्कृत यूनिवर्सिटी का जिक्रपीएम ने कहा कि दिल्ली में स्थित सेंट्रल संस्कृत यूनिवर्सिटी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डेटा साइंस में बी-टेक प्रोग्राम शुरू करने जा रही है। ये आधुनिक टेक्नोलॉजी को भारत के पारंपरिक ज्ञान से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।इससे भारतीय भाषाओं के लिए नए,द्ब टूल्स तैयार करने में मदद मिलेगी। हमारे प्राचीन ग्रंथों और पांडुलिपियों को डिजिटल रूप में संरक्षित करने के काम को भी नई गति मिलेगी। **मध्य प्रदेश:** प्लास्टिक कचरे का मैनेजमेंटपीएम ने कहा कि मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिले के ब्यावरा में महिलाएं प्लास्टिक कचरे हटा रही हैं।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रदीप कुमार सोलंकी द्वारा महानगर मल्टीमीडिया प्रा. लि. जी-848, फेज 3, रीको सीतापुरा, जयपुर (राज.) से मुद्रित एवं 227-हीरालाल की गली, झालाना, मालवीय नगर, जयपुर (राज.) से प्रकाशित।
सम्पादकः प्रदीप कुमार सोलंकी, मो. 93510-01100, Email: atulyasansar@gmail.com संपादकीय कार्यालयः जगतपुरा फ्लाईओवर के पास, जगतपुरा जयपुर।